**Regarding setting up of a Kendriya Vidyalaya in Jamshedpur-Laid**

श्री बिद्युत बरन महतो **(**जमशेदपुर**) :** जमशेदपुर में विभिन्न PSU और इंडस्ट्रीज स्थित है और ऐसे में पूरे शहर में जनता के लिए विशेषकर रेल इत्यादि विभागो में कार्यरत कर्मचारियों को अपने बच्चो के लिए केवल एक केंद्रीय विद्यालय में एडमिशन पाना काफी कठिन हो जाता है I वर्तमान में हमारे क्षेत्र में एक केन्द्रीय विद्यालय का प्रारंभिक भवन HCL द्वारा प्रदान किया गया है, लेकिन राज्य सरकार द्वारा केंद्रीय विद्यालय स्थापित करने के लिए कोई भूमि प्रदान नहीं की है । इससे छात्रों को अध्ययन हेतु उचित संसाधनों की कमी हो रही है और शैक्षिक मानकों को पूरा करने में भी कई समस्याएं आ रही है । क्षेत्र में एक नए केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना से छात्रों को उचित शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी । यह स्थानीय समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण कदम होगा जो न केवल शिक्षा में वृद्धि करेगा, बल्कि उसके समर्थन में विभिन्न केन्द्रीय उद्यमों के कर्मचारियों के बच्चो को एडमिशन प्रदान करने का लाभ भी पहुंचाएगा । अत: मेरा माननीय शिक्षा मंत्री जी से विनम्र निवेदन है कि जमेशदपुर में नए केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना कराने की कृपा करें जिससे जमशेदपुर में शिक्षा क्षेत्र को बढ़ावा मिल सके ।